मंगलवार
29 नवम्बर 2022



पृष्ठ 4
ठंड के मौसम में स्टाइलिश तरीके से पहनें इंडियन आउटफिट



पृष्ठ 5
प्यार का पंचनामा 3 के लिए साथ आए निर्देशक लव रंजन और कार्तिक आर्यन



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 287
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

आँख के अंधे को दुनिया नहीं दिखती, काम के अंधे को विवेक नहीं दिखता, मद के अंधे को अपने से श्रेष्ठ नहीं दिखता और स्वार्थी को कहीं भी दोष नहीं दिखता।
— चाणक्य

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com

# मैदान से पहाड़ तक चक्का जाम, आवागमन ठप-यात्री परेशान

## सड़कों पर बच्चों व सामान के साथ भटकते रहे यात्री



विशेष संवाददाता

देहरादून। दस साल पुराने ऑटो-विक्रम को सड़कों से हटाने और ऑटोमेटिक फिटनेस सेंटरों के खिलाफ आज प्रदेश भर के ट्रांसपोर्टर आंदोलनरत रहे तथा उन्होंने अपने वाहनों को खड़ा कर दिया है। राजधानी दून और हरिद्वार सहित पूरे राज्य में ट्रांसपोर्टरों के विरोध प्रदर्शन के कारण सिटी बस, ऑटो, विक्रम और टैक्सियों का संचालन पूर्णतया ठप रहा। यहां तक की सड़कों पर ऑटो रिक्शा तक नहीं चले जिसके कारण घर से बाहर निकले यात्रियों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

प्रदेश भर में लगभग 80 हजार से अधिक प्राइवेट निजी वाहनों के पहिए थम जाने से जगह-जगह सड़कों पर यात्रियों की भारी भीड़ देखी गई और अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए कोई भी वाहन उपलब्ध न होने पर लोगों को मीलो पैदल सफर करने पर विवश होना पड़ा। जिन लोगों को इस चक्का जाम के बारे में पहले से कोई जानकारी नहीं थी और जो लोग बाहर से उत्तराखंड आए हैं तथा जिनके साथ महिलाएं और बच्चे हैं तथा सामान भी है वह लोग खास तौर पर परेशान देखे गए क्योंकि सामान और बच्चों के साथ उनके लिए पैदल सफर भी संभव नहीं था।

उल्लेखनीय है कि बीते कल परिवहन मंत्री के आवास पर ट्रांसपोर्टरों के साथ हुई वार्ता के विफल रहने के बाद ट्रांसपोर्ट यूनियनों द्वारा चक्का जाम का ऐलान करते हुए विधानसभा का घेराव करने का निर्णय लिया गया। ट्रांसपोर्टरों के इस



चक्का जाम के कारण देहरादून और हरिद्वार से लेकर पहाड़ के विभिन्न जिलों तक जाने वाली टैक्सी-मैक्सी भी नहीं चल रही है वहीं महानगर शहरों में चलने वाले ऑटो तथा विक्रमों के अलावा सिटी बसें भी बंद है जिसके कारण आम आदमी को पहाड़ पर जाने वाला सफर ही नहीं शहर से शहर में होने वाला आवागमन भी प्रभावित हुआ है। इस विरोध प्रदर्शन में अधिकांश ट्रांसपोर्टर यूनियन शामिल है। रुड़की-हरिद्वार तथा अन्य तमाम जगहों से यूनियन के पदाधिकारी देहरादून में विधानसभा घेराव व प्रदर्शन के लिए आए हुए हैं।

## जगन्नाथ मंदिर के अंदर की तस्वीरें फेसबुक पर डालने के आरोप में बांग्लादेशी यूट्यूबर गिरफ्तार

पुरी। जगन्नाथ मंदिर के गर्भगृह की तस्वीरें खींचकर सोशल मीडिया पर डालने के आरोप में 23 वर्षीय बांग्लादेशी यूट्यूबर को गिरफ्तार किया गया है। लिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंदिर के अंदर कैमरे का इस्तेमाल वर्जित है। अधिकारी ने बताया कि अपराध संज्ञेय नहीं था, इसलिए बाद में एक स्थानीय अदालत ने उसे जमानत दे दी। एक सप्ताह पहले आरोपी आकाश चौधरी द्वारा फेसबुक पर अपलोड की गई तस्वीरें कुछ ही समय बाद सोशल मीडिया पर काफी प्रसारित हो गई थीं, जिसके चलते 12वीं सदी के इस मंदिर की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गईं।

अधिकारी ने बताया कि मंदिर प्रशासन ने यहां सिंहद्वार थाने में बांग्लादेश के सिलहट क्षेत्र के निवासी चौधरी के खिलाफ मामला दर्ज कराया। वृंदावन के लिए रवाना हो चुके चौधरी को पुलिस ने वापस बुलाया, जिसके बाद वह सोमवार को पुरी लौट आया।

चौधरी के खिलाफ नियमों का उल्लंघन करके गर्भगृह की तस्वीरें खींचने और फेसबुक पर डालने के आरोप में श्री जगन्नाथ मंदिर अधिनियम, 1954 और आईटी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। उसका फोन और पासपोर्ट भी जब्त कर लिया गया। बाद में युवक को एक स्थानीय अदालत से जमानत मिल गई।

## श्रद्धा हत्याकांडः आरोपी आफताब को ला रही पुलिस वैन पर तलवार से हमला

नई दिल्ली। श्रद्धा वालकर हत्याकांड के आरोपी आफताब पर दिल्ली में कुछ लोगों ने तलवार से हमला करने की कोशिश की है। दरअसल, आफताब को दिल्ली पुलिस की वैन में रोहिणी स्थित एफएसएल दफ्तर तक लाया गया। लेकिन जैसे ही वैन यहां पहुंची, पहले से घात लगाकर बैठे कुछ लोगों ने वैन और पुलिस की टीम पर हमला बोल दिया। इन्हें हिंदू सेना का कार्यकर्ता बताया जा रहा है। हालांकि हिंदू सेना ने इससे इनकार किया है। पुलिस वैन के वहां पहुंचते ही हमलावरों ने अपनी कार पुलिस वैन के आगे लगा दी और वैन को घेर लिया। लेकिन इससे पहले कि ड्राइवर




वहां से वैन को उनसे दूर ले जा पाता, वो ट्रैफिक में फंस गया। तभी ये हमलावर वहां पहुंचे और वैन के चारों ओर तलवार लहराने लगे। हमलावरों ने तलवार के दम पर वैन का दरवाजा खोल दिया लेकिन अंदर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने बंदूक तानी तो वो पीछे हट गए।

तलवार लेकर ये लोग पहले पुलिस के सामने आ गए, पुलिस ने इन लोगों को जब रोकने की कोशिश की तो उन पर भी हमलावर हो गए। इसके बाद पुलिस जैसे ही थोड़ी पीछे हटी, इन्होंने उस वैन का दरवाजा खोल दिया जिसमें आफताब मौजूद था। मलावरों ने कहा कि हमारी बहन-बेटियां आज के समय में सुरक्षित नहीं हैं। ऐसे में हमारी बहन के 35 टुकड़े करने वाले के हम 70 टुकड़े करेंगे। दरअसल, जब आफताब पुलिस की कस्टडी में था तो उसे गोपनीय तरीके से पेशी पर लाया जाता था लेकिन अब उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, जिसके कारण उसे जेल में रखा गया है। इसी वजह से बाहरी लोगों को उसके यहां पहुंचने की खबर मिली थी।

# दून वैली मेल

## संपादकीय

### धर्मांतरण पर रोक जरूरी

जोर जबरदस्ती और लालच देकर कराए जाने वाले धर्मांतरण के मुद्दे को लेकर देश की सर्वोच्च अदालत द्वारा केंद्र सरकार से पूछे गए इस सवाल के जवाब में कि वह इसे रोकने के लिए क्या कर रही है अब हलफनामा देकर कहा गया है कि धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार में धर्मांतरण शामिल नहीं है तथा वह इस समस्या की गंभीरता को समझती है और इसे रोकने के लिए सख्त कदम उठाएगी। एक जनहित याचिका पर की गई सुनवाई के बाद अदालत का कहना है कि संविधान के अंदर प्राप्त धार्मिक अधिकार का आशय स्वतंत्रता पूर्वक अपने धर्म का पालन करने का है न कि किसी को धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित करने का। समाज के आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े लोगों और महिलाओं को अगर किसी भी तरह का लालच या प्रलोभन देकर अथवा उन्हें डरा धमका कर उनका धर्म परिवर्तन कराया जाता है तो वह असंवैधानिक तो है ही साथ ही यह राष्ट्र और समाज में असंतुलन पैदा कर सकता है जो कि राष्ट्रीय सुरक्षा और देश की एकता और अखंडता के लिए दीर्घकाल में एक गंभीर चुनौती पैदा कर सकता है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व केंद्र सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में इसके लिए राज्य सरकारों द्वारा कानून बनाने की बात कह कर अपना पल्ला झाड़ने की कोशिश की गई थी। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सहित देश के 9 राज्य ऐसे हैं जिन्होंने इस भविष्य के संभावित खतरे को भांपते हुए धर्मांतरण के खिलाफ मौजूदा कानून में संशोधन कर इसे और अधिक सख्त बनाने का प्रयास किया है। लेकिन इस जबरन होने वाले धर्मांतरण को रोकने की अपनी जिम्मेदारी से केंद्र सरकार भी यूं ही पल्ला नहीं झाड़ सकती है। निसंदेह जिस हिंदुस्तान में हम रहते हैं और कहते हैं कि गर्व से कहो हम हिंदू हैं, हिंदुस्तान के हिंदुओं को अल्पसंख्यक बनाने का एक षड्यंत्र है जिस पर एक सोची-समझी रणनीति के तहत अन्य धर्मों के लोगों या उनके बनाए हुए संगठनों द्वारा काम किया जा रहा है अब देखना यह है कि देश की सर्वोच्च अदालत की हिदायत के बाद केंद्र सरकार द्वारा उसे कितनी गंभीरता से लिया जाता है।



विधानसभा सत्र की कार्यवाही में प्रतिभाग करने के लिए जाते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

*मा चिदन्यद्वि शंसत सखायो मा रिषण्यत।*
*इन्द्रमित्स्तोता वृषणं सचा सुते मुहुरुक्था च शंसत॥*

(ऋग्वेद ८-१-१)

हे मित्रों ! परमेश्वर ही एकमात्र स्वामी हैं। वे सर्वव्यापक हैं। वे सर्वशक्तिमान हैंवे सब की कामनाओं को पूर्ण करते हैं। उनके अतिरिक्त किसी और की उपासना मत करो। उनकी स्तुति करो और बार-बार करो।

O friends ! God is the sole lord. He is omnipresent. He is almighty. He fulfils everyone's wishes. Do not worship anyone other than him. Worship Him and do it again and again. (Rig Veda 8-1-1)

# 'एक तरह की योजनाओं को बार-बार ग्राम पंचायतों के भीतर बनाने से नवाचार की संभावना समाप्त जैसी हो जाती है'

पिथौरागढ़। पंचायतीराज निदेशालय उत्तराखंड द्वारा आयोजित तीन विकास खंडों के तीन न्याय पंचायतों में आज सतत् विकास के चार लक्ष्यों पर खुलकर बातचीत हुई। ग्राम पंचायतों को लीक से हटकर आजीविका मिशन पर अग्रणीय कार्य करने के लिए योजना बनाने के लिए आगे आने की अपील की गई।

विकास खंड मूनाकोट के बीसाबजेड़, पिथौरागढ़ के नैनी तथा कनालीछीना के मोड़ी न्याय पंचायत में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण के अंतिम दिवस ग्राम पंचायतों को ग्राम पंचायत विकास योजना बनाते समय नवाचार का ध्यान रखते हुए आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे युक्त गांव बनाने के लिए विशेष रूप से ध्यान देने पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में सहयोगी संस्था की भूमिका निभा रहे सोसायटी फॉर एक्सन इन हिमालया पिथौरागढ़ के मास्टर ट्रेनर्सो ने कहा कि जिस दिन कुछ ग्राम पंचायतों ने रूढ़िवादी सोच को दफन कर अपने गांव को रोजगार का हब बनाने की कल्पना को साकार करने के लिए आगे आना होगा।




प्रशिक्षण में इस बात पर जोर दिया गया कि एक तरह की योजनाओं को बार-बार ग्राम पंचायतों के भीतर बनाने से नवाचार की संभावना समाप्त जैसी हो जाती है, इसलिए हर बार नया सोचा जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आजीविका के विकास के लिए हमें ढांचागत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अपने बजट के अनुसार योजनाएं बनानी होगी।

उन्होंने कहा कि महिला स्वयं सहायता समूहों, मनरेगा, आजीविका मिशन आदि राज्य तथा भारत सरकार की योजनाओं से ग्राम पंचायतों में रोजगार सृजन के लिए नये प्रयोग करने चाहिए।

बीसाबजेड न्याय पंचायत में ग्राम विकास अधिकारी शोभा द्विवेदी, ग्राम पंचायत राजेन्द्र चंद, हेमा देवी, सरोज चंद, दीपा चंद न्याय पंचायत नैनी में ग्राम प्रधान हरिप्रिया देवी, गीता जोशी, इन्दु देवी, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी प्रीति आर्या न्याय पंचायत मोडी में ग्राम प्रधान कमला जोशी, अनिता देवी, गंगा देवी, बलवंत राम, पंचायत विकास अधिकारी शिवानी विश्वकर्मा सहित मास्टर ट्रेनर्स मौजूद रहे।

## नाबालिग से छेड़छाड़ पर मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। नाबालिग के साथ छेडछाड करने पर एक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोडा सरोली निवासी महिला ने रायपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उनके पडोस में रहने वाले सतीश ने उसकी बेटी को अकेला देखकर उसके साथ छेडछाड कर गंदी बातें करने लगा। उसने जब उसका विरोध किया तो उसने उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## दरोगा के साथ अभद्रता करने पर दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। डयूटी के दौरान दरोगा के साथ अभद्रता करने व बैरियर को क्षतिग्रस्त करने के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डालनवाला कोतवाली में तैनात दरोगा सुरेन्द्र सिंह राणा ने डालनवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह दिलाराम चौक पर डयूटी पर था तभी वहां पर एक कार में सवार दो लोग तेजी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए आये तथा बैरियर को टक्कर मारकर उसको क्षतिग्रस्त कर दिया। उसने जब उनसे पूछताछ की तो दोनों ने उसके साथ अभद्रता करते हुए सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाते हुए धक्का मुक्की करने लगे। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम उलफत पुत्र असगर, फैजान पुत्र तुफैल दोनों निवासी कलियर रूडकी हरिद्वार बताया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# वर्ल्ड कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में धूमधाम से आयोजित हुआ फ्रेशर पार्टी 2022

गुड़गांव (कासं)। वर्ल्ड कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, फारुख नगर, गुड़गांव के प्रांगण में फ्रेशर पार्टी 2022 का आयोजन धूमधाम से किया गया। फ्रेशर पार्टी का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर इंजीनियरिंग, बिजनेस एडमिंस्ट्रेशन और कंप्यूटर एप्लीकेशन के नए बैच के छात्रों ने अत्यंत खूबसूरत रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।




वर्ल्ड कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के रजिस्ट्रार युद्धबीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बी.टेक में अरुण तोमर और गरिमा को क्रमश मिस्टर और मिस के खिताब से नवाजा गया, पीयूष (बी.टेक) को मिस्टर एलिगेंट और संजना ने मिस एलिगेंट का खिताब जीता। दीक्षा अरोड़ा व निशांत गौर को क्रमश मिस और मिस्टर डब्ल्यूसीटीएम कंप्यूटर एप्लीकेशन तथा नितिन डागर व श्रुति (एमसीए) को मिस टैलेंटेड का खिताब के लिए चुना गया। बिजनेस एडमिंस्ट्रेशन डिपार्टमेंट के छात्रों में मुस्कान को मिस डब्ल्यूसीटीएम और स्वयं शर्मा को मिस्टर डब्ल्यूसीटीएम के शीर्षको से सम्मानित किया गया । संयोग (बी.टेक) को मिस्टर होस्टेलर व शान्ता कुमारी (एमसीए) को मिस होस्टेलर से सम्मानित किया गया ।

वर्ल्ड कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के मैनेजिंग ट्रस्टी कुंवर निशांत सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं को अपनी शुभकामनाएं व भविष्य में सफलता के लिए आशीर्वाद दिया और छात्रों को पूर्ण मनोयोग, लगन, निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर डॉ. अजय कुमार डागर (प्राचार्य), डॉ.जीना चहल, असिस्टेंट डायरेक्टर, डॉ.पारुल अग्रवाल, विभागाध्यक्ष (बिजनेस एडमिंस्ट्रेशन), डॉ. क्षमता चुघ, विभागाध्यक्ष (एप्लाइड साइंस एंड ह्यूमॅनिटिएस), डॉ.उमा, विभागाध्यक्ष (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग), अंकित सेठी, विभागाध्यक्ष (सिविल इंजीनियरिंग), श्रद्धा चौरसिया, हेड प्लेसमेंट एंड ट्रेनिंग, डॉ. रेखा रानी आदि उपस्थित थे।

# भारत जोड़ो यात्रा से घबराई बीजेपीः लालचंद

नगर संवाददाता

देहरादून। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लेकर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की टिप्पणी पर उत्तराखंड में देहरादून कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने जाने अनजाने में सच उगल दिया है। धामी ने कहा कि राहुल गांधी दाढ़ी बढ़ाकर मोदी नहीं बन सकते। उन्होंने कहा कि यही बात हम भी कह रहे हैं। क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी की दाढ़ी में झूठ का तिनका है। ऐसे में उनकी और राहुल गांधी की तुलना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के झूठ को जनता के सामने गिनाते रहो तो एक नहीं कई दिन लग जाएंगे, लेकिन झूठ खत्म नहीं हो पाएंगे। उन्होंने कहा कि जब पीएम मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब वह डॉलर के मुकाबले गिरते रुपये को लेकर केंद्र सरकार पर तंज कसते थे। कहते थे कि रुपये का गिरना सरकार का पतन है, भ्रष्टाचार है। अब रुपया तेजी से अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गिर रहा है, इस बारे में उन्हें क्या बोलना है। सीएम धामी को इस पर भी कुछ कहना चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री को पीएम मोदी के झूठ पर भी अपने वक्तव्य देने चाहिए। नोटबंदी के समय प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि इससे कालाधन वापस आएगा और आतंकवाद का खात्मा होगा। ये भी दाढ़ी पर तिनके के समान का ही झूठ है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ये भी नहीं भुली कि पीएम मोदी ने हर व्यक्ति के खाते में 15 लाख रुपये डालने की बात कही थी। साथ ही कहा था कि हर साल दो करोड़ युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। न तो किसी के खाते में ये राशि आई और न ही इतनी संख्या में लोगों को रोजगार मिला। यही नहीं, वर्ष 2014 से पहले घरेलू गैस के दाम 410 रुपये थे जो बढ़कर अब 2070 रुपये हो गए हैं। महंगाई को रोकने का वादा भी झूठा साबित हुआ। वहीं, उत्तराखंड में विभिन्न सरकारी भर्तियों में हुए घोटाले और अन्य भ्रष्टाचार भी जगजाहिर हैं। ऐसे में बीजेपी ही पूरी झूठ का पुलिंदा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पदयात्रा कर जनता से सीधे जुड़े रहे हैं। समाज के हर वर्ग के साथ संवाद कर रहे हैं। उनकी लोकप्रियता बढ़ रही है। इसके बीजेपी बौखलाई हुई है। ऐसे में बीजेपी नेता राहुल गांधी के लिए उटपटांग बयानबाजी कर रहे हैं।

## जमीनी फर्जीवाडे के 8 लोग गैंगस्टर में निरुद्ध

देहरादून (सं)। जमीनों के नाम पर लाखो धोखाधडी करने वाले आठ लोगों को पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट में निरूद्ध किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रेमनगर थाना प्रभारी ने राकेश त्यागी पुत्र राजकुमार निवासी कोल्हूपानी विकासनगर, राजीव त्यागी पुत्र विशम्भर निवासी गणेशपुर मवाना मेरठ, रामनरेश पुत्र हरबंश निवासी गाजियाबाद, अवनीत पुत्र नरेश निवासी गाजियाबाद, विनोद पुत्र वेद प्रकार निवासी गाजियाबाद, जाहिर अब्बास पुत्र अब्दुल गफ्फार निवासी कीरत पुर बिजनौर, अफसर पुत्र अब्दुल हमीद निवासी बिजनौर, अवनीश चौहान उर्फ डिंपो पुत्र पदम सिंह निवासी कीरतपुर बिजनौर को जमीन के नाम पर लोगों से लाखों रूपये की धोखाधडी करना तथा निर्भय होकर अपराधिक घटनाएं करने पर गैगेस्टर एक्ट में निरूद्ध किया।

## ऑस्ट्रेलिया की बोंडी बीच पर 2500 लोगों ने कराया न्यूड फोटोशूट!

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया की बोंडी बीच पर शनिवार को करीब 2500 लोग बिना कपड़ों में इकट्ठा हुए। हालांकि, ये सभी मौज मस्ती के मूड में नहीं बल्कि स्किन कैंसर के बारे में जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से फोटो शूट में हिस्सा लिये। यह लोग अमेरिकी फोटोग्राफर स्पेंसर ट्यूनिक के फोटोशूट में हिस्सा लेने के लिए इकट्ठा हुए थे। ट्यूनिक को दुनिया की अलग-अलग जगहों पर नेकेड फोटोशूट के लिए जाना जाता है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के अनुसार ट्यूनिक ने सिडनी में समुद्री तट पर कहा कि हमारे पास स्किन कैंसर को लेकर जागरुकता फैलाने का एक मौका है। मैं यहां आकर, तस्वीरें खींचकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। न्डूय फोटोशूट में हिस्सा लेने से पहले कई लोग असहज महसूस कर रहे थे। रिपोर्ट के मुताबकि, एक महिला काफी नर्वस थीं, डरी हुई थी। लेकिन, जब उन्होंने लोगों के साथ हिस्सा लिया तो वो काफी अच्छा महसूस करने लगी। यह ट्यूनिक का ऑस्ट्रेलिया में चौथा प्रोजेक्ट है जो 2010 में यहां काम कर रहे हैं। तब उन्होंने सिडनी के मशहूर ओपेरा हाउस में करीब 5500 लोगों को इकट्ठा किया था। दरअसल, ट्यूनिट की स्किन चेक्स चौंपियंस चौरिटी के साथ पार्टनरशिप है, जो मुफ्त एजुकेशनल स्किन चेक्स क्लिनिक चलाती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, ट्यूनिक का कहना है कि, स्किन चेक्स को लेकर जागरुकता फैलाने वाले एक आर्ट मिशन का हिस्सा बनना मेरे लिए सम्मान की बात थी। ट्यूनिक दुनियाभर में पब्लिक प्लेस पर करीब 100 लार्ज-स्केल न्यूड फोटो खींच चुके हैं। म्यूनिख से मैक्सिको सिटी तक उनके न्यूड फोटोशूट में 18,000 लोग हिस्सा ले चुके हैं। बता दें कि, इतने बड़े पैमाने पर लोगों की न्यूड तस्वीरें खींचना आसान नहीं होता है। खासकर एक जगह पर इकट्ठा होकर हजारों लोग अपने कपड़े उतारते हैं तो शहर के अधिकारी उसमें दखल देते हैं। ऐसे में कई मौकों पर इसी वजह से ट्यूनिक की गिरफ्तारी भी हो चुकी है। 2018 में एक ऑस्ट्रेलियाई सुपरमार्केट चेन ने ट्यूनिक को अपने एक मेलबर्न स्टोर की पार्किंग में शूट करने पर बैन लगा दिया था। हालांकि, बाद में फैसला बदल दिया और वापस ले लिया।

# बदलते मौसम में बीमार होने से बचने के लिए अपनाएं ये तरीके



बदलता मौसम में बीमार होने की संभावना बढ़ जाती है, लेकिन अगर आप चाहें तो इस धारणा को बदल सकते हैं। दरअसल, बदलते मौसम की मार उन्हीं लोगों को झेलनी पड़ती है जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है। आइए आज हम आपको बताते हैं कि आप किस तरह से खुद को बदलते मौसम में बीमार होने से बचा सकते हैं ताकि आप दिवाली जैसे आने वाले त्योहारों का जमकर लुत्फ उठा सकें।

बदलते मौसम में हम बीमार क्यों पड़ते हैं?

कई विशेषज्ञों का मानना है कि मौसम परिवर्तन के दौरान बीमारी होने का प्रमुख कारण रोग प्रतिरोधक क्षमता का कमजोर होना है। इसके अलावा, जब भी मौसम में बदलाव होता है तो कई तरह के वायरस तेजी से हमला करने लगते हैं, जिसके परिणामस्वरूप बीमार पड़ने वाले लोगों की संख्या में वृद्धि होती है। इसलिए विशेषज्ञ रोग प्रतिरोधक को मजबूत करने वाली बात पर ज्यादा जोर देते हैं।

क्या हैं मौसमी बीमारियों के लक्षण?

बहती नाक, गले में खराश, ठंड लगना, शारीरिक दर्द और बुखार होने सबसे आम लक्षण हैं जो आप मौसमी बीमारी के दौरान अनुभव कर सकते हैं। कुछ लोगों को इसके कारण थकान और चक्कर आने की समस्या का भी सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि बीमारी के दौरान शरीर को रोजाना के कार्य करने और तापमान बनाए रखने के लिए अधिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है। इस दौरान होने वाला तेज बुखार किसी गंभीर स्थिति का संकेत दे सकता है।

बदलते मौसम में बीमार होने से कैसे बचें?

अगर आप बदलते मौसम के नकारात्मक प्रभाव से बचना चाहते हैं तो आपको रोजाना संतुलित आहार का सेवन करना चाहिए और रोजाना पर्याप्त नींद लेनी चाहिए। इसके अलावा, नियमित रूप से एक्सरसाइज करनी चाहिए, क्योंकि यह रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूती और शारीरिक ऊर्जा बढ़ाने में सहायक है। पानी की खपत बढ़ाएं, फिर चाहे मौसम कोई भी हो। हमेशा 2.5 लीटर से अधिक पानी का सेवन करें। रोजाना सुबह कुछ मिनट धूप में रहें।

बदलते मौसम के दौरान अपने शरीर को समझें

बदलते मौसम में अपने शरीर पर अतिरिक्त ध्यान दें। उदाहरण के लिए देर शाम या रात को नहाना बंद कर दें, मौसम के हिसाब से ऊनी कपड़े पहनें, एयर कंडीशनर को चालू न करें और ठंडे पानी का सेवन करने से बचें।

बीमार पड़ने पर क्या करें?

अगर आप पहले से ही बदलते मौसम के कारण बीमार पड़ चुके हैं तो डॉक्टर से परामर्श करना सबसे अच्छा है। हालांकि, आप घरेलू उपचार के रूप में गर्म पानी पीना और फल खाना शुरू कर सकते हैं। जिंक और विटामिन- सी, विटामिन- डी और विटामिन- ए जैसे पोषक तत्वों से युक्त पौष्टिक भोजन करें। समय-समय पर अपने शरीर के तापमान की जांच करते रहें और दूसरों से दूरी बनाए रखने समेत पर्याप्त आराम करें। (आरएनएस)

# सुकून की ज़िंदगी का सलीका

जोगिंद्र सिंह

इनसान को अपनी सोच व नज़रिये में हमेशा सकारात्मकता रखनी चाहिए क्योंकि इसी से आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। बाज़ार में वैसे तो ढेरों ऐसी किताबें हैं जो आपको प्रेरित करने और मार्गदर्शन के लिए उपलब्ध हैं। जीवन में क्या करें और क्या न करें। चीज़ों के प्रति कैसा दृष्टिकोण हो, जीवन को कैसे जीया जाये, इस सब को लेकर आये दिन किताबें और अन्य सामग्री आती रहती हैं। रुपेश दुबे की 'बोल बच्चन' इसी कड़ी में एक सद्प्रयास कहा जा सकता है।

सुपरस्टार रहे बिग-बी अमिताभ बच्चन के जीवन संघर्ष और उनकी कई फिल्मों के यादगार डायलॉग एवं गीतों से प्रेरित यह पुस्तक हमें सफल जीवन जीने की प्रेरणा देती है। एक बार हम अपना विजन तय कर लें कि हमें जाना कहां है और उसके लिए मिशन भी निर्धारित कर लें कि कैसे जाना है तो आधी समस्याएं तो वैसे ही खत्म हो जाती हैं। संघर्षों का डटकर सामना करें, यही यह पुस्तक सीख देती है। किसी न किसी हिट फिल्म को डायलॉग या किसी गीत पर लिखे गये कुल 18 शीर्षकों/अध्याय किताब में कहीं पर भी बोरियत नहीं होती। पूरी किताब को एक ही सीटिंग में खत्म किया जा सकता है। जब आप निराशा में होते हैं तो आपको हताशा और तनाव को अपने ऊपर हावी नहीं होने देना बल्कि अपनी सृजनशीलता, कल्पनाशक्ति और कुछ करते रहने की इच्छा को जागृत रखना होगा। सभी के जीवन में अच्छे-बुरे दौर आते हैं मगर वे ही छाप छोड़कर जाते हैं जो इन विपरीत परिस्थितियों में भी हौसला नहीं खोते और तमाम चुनौतियों के सामने डटकर खड़े रहते हैं। किताब लेखन में उनके अनुभव व पठन की झलक साफ मिलती है जो बरसों की साधना के बाद आती है। नाम से पुस्तक जरूर थोड़ा फिल्मी टाइप लगती है, मगर इसका सीधा संबंध हमारे और आपके सरल जीवन से है, जिसे हम हर पल जीते हैं। बस वे ये बता रहे हैं कि इसे और बेहतर कैसे बना सकते हैं।

# हाथों को आकर्षक बनाने के लिए इस्तेमाल करें ये 4 तरह की नेल पेंट

नाखूनों को आकर्षक बनाने के लिए कई महिलाएं नेल पेंट का इस्तेमाल करती हैं। ये पूरे लुक को बेहद खूबसूरत बनाने के साथ-साथ हाथों को आकर्षक बनाने में भी मदद करती हैं। अलग-अलग जगहों के लिए अलग-अलग की नेल पेंट इस्तेमाल की जाती हैं। बाजार में भी अब कई तरीके की नेल पेंट मौजूद हैं, जिसके कारण महिलाएं अक्सर कंफ्यूज हो जाती हैं। आइए आज हम आपको चार बेहतरीन नेल पेंट के बारे में बताते हैं।

मैट नेल पेंट

मैट नेल पेंट काफी पसंद की जाती है। ये नेल पेंट आपके नाखूनों को बगैर चमक या शाइनिंग के एक चिकनी फिनिश देती है। इससे आपके हाथ बेहद खूबसूरत दिखते हैं। इस नेल पेंट में आप पेस्टल रंगों को चुन सकती हैं। इसे आप नॉर्मल दिनों में या किसी प्रोग्राम में भी लगा सकती हैं। इसे लगाने से आपके नाखून चमकीले नहीं दिखेंगे, इसलिए दिन के प्रोग्राम में लगाने के लिए ये नेल पेंट बढ़िया विकल्प है।

क्रोम नेल पेंट

क्रोम नेल पेंट में एक खास बात होती है कि यह नियमित नेल पेंट की तुलना में अधिक लंबे समय तक चलती है। इसे लगाने से नाखूनों पर एक बहुत ही खूबसूरत चमक आती है। अगर आपको रात की पार्टी में जाना है तो क्रोम नेल पेंट बिल्कुल सही है। अपने नाखूनों पर इसे दो बार लगाएं और इसके बाद हाई-शाइन टॉप कोट लगाएं। ये आपके पूरे लुक पर चार चांद लगा देगी।

ग्लिटर नेल पेंट

अक्टूबर से दिसंबर के बीच बहुत शादी होती हैं और ऐसे मौकों के लिए ग्लिटर नेल पेंट बहुत अच्छा विकल्प है। ये आपके नाखूनों की चमक और ज्यादा बढ़ा देगी। ये आमतौर पर ट्रांसपेरेंट होती है और इसमें ग्लिटर के टुकड़े शामिल रहते हैं। नाखूनों पर बेस कोट लगाने के बाद ग्लिटर पेंट के दो कोट लगाएं और फिर ग्लॉस कोट लगा लें। ये नियमित या मैट नेल पेंट की तुलना में अधिक लंबे समय तक चलती है।

क्रीम नेल पेंट

क्रीम नेल पेंट बहुत ही क्लासिक और सुरक्षित है। ये आपके नाखूनों को ग्लॉसी फिनिश लुक देती है। इसमें किसी प्रकार की मिलावट नहीं होती, इसलिए यह लंबे समय तक चलती है। हालांकि इसे हटाने के लिए आपको नेल पेंट रिमूवर की जरूरत पड़ेगी। इसके सिर्फ दो कोट लगाने से आपके हाथ आकर्षक दिखेंगे। बाजार में यह नेल पेंट बहुत से रंगों में उपलब्ध है। आप अपने कपड़ों की मैचिंग या फिर पसंदीदा रंग में इसे खरीद सकती हैं।

# अजय देवगन की फिल्म भोला का टीजर जारी, फिर गंभीर अंदाज में दिखे अभिनेता

अजय देवगन इन दिनों अपनी हालिया रिलीज दृश्यम 2 को लेकर चर्चा में हैं। इधर मंगलवार को उन्होंने अपनी अगली फिल्म भोला का टीजर भी जारी कर दिया है। भोला की भी लंबे समय से चर्चा थी और अब आखिरकार प्रशंसकों को फिल्म की झलक देखने को मिल गई है। यह तमिल फिल्म कैथी का हिंदी रीमेक है। दृश्यम के बाद इस फिल्म में भी अजय के साथ तब्बू नजर आने वाली हैं।

भोला का निर्माण अजय की प्रोडक्शन कंपनी अजय देवगन फिल्म्स ने किया है। यह फिल्म 3० मार्च, 2०23 को रिलीज होगी। टीजर में बताया गया है कि फिल्म 3डी में भी रिलीज होगी। टीजर में अजय का किरदार जेल के कैदी के रूप में दिखाया गया है। उसके हाथ में भगवद् गीता और माथे पर भस्म है। टीजर में यह सस्पेंस बनाया गया है कि वो कौन है? इसके जवाब के लिए अब दर्शकों के ट्रेलर का इंतजार करना होगा।

इस फिल्म का निर्देशन खुद अजय ने किया है। फिल्म में मुख्य भूमिका में अजय, तब्बू और राई लक्ष्मी नजर आएंगे। आईएमडीबी के अनुसार फिल्म में संजय मिश्रा और दीपक डोबरियाल भी नजर आएंगे। यह तमिल फिल्म कैथी का हिंदी रीमेक है। कैथी 2०19 में रिलीज हुई थी जिसमें अभिनेता कार्ति मुख्य भूमिका में नजर आए थे। भोला का टीजर आने के बाद दर्शकों का कहना है कि सिर्फ अजय ही किसी रीमेक के साथ न्याय कर सकते हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार पहले इस फिल्म का निर्देशन धरमेंद्र शर्मा करने वाले थे। रन वे 34 में निर्देशन के लिए प्रशंसा मिलने के बाद इस फिल्म के निर्देशन की कमान भी अजय ने अपने हाथों में ले ली।

इन दिनों अजय और तब्बू की फिल्म दृश्यम 2 सिनेमाघरों में छाई हुई है। 2०15 की दृश्यम के सीक्वल का लोगों को इंतजार था। यही वजह है कि फिल्म रिलीज होते ही अच्छी-खासी भीड़ सिनेमाघरों में देखने को मिली। फिल्म इस साल पहले वीकेंड में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली बॉलीवुड की दूसरी फिल्म बन गई है। पहले नंबर पर ब्रह्मास्त्र कायम है। दृश्यम की तरह ही इसके सीक्वल का सस्पेंस भी दर्शकों को पसंद आ रहा है।

भोला के अलावा तब्बू फिल्म कुत्ते का हिस्सा हैं। इस फिल्म का निर्देशन विशाल भारद्वाज के बेटे आसमान भारद्वाज कर रहे हैं। इस फिल्म में अर्जुन कपूर मुख्य भूमिका में दिखेंगे। इसके अलावा तब्बू विशाल भारद्वाज की फिल्म खुफिया का भी हिस्सा हैं। यह एक स्पाई थ्रिलर फिल्म है। अजय की बात करें तो भोला के बाद वह मैदान में दिखेंगे। मैदान फुटबॉल कोच सईद अब्दुल रहीम की बायोपिक फिल्म है। इसमें अजय कोच सईद की भूमिका निभाते दिखेंगे।

# शादी के बंधन में बंधने वाली है बिग बॉस-11 की कंटेस्टेंट अर्शी खान

टीवी का चर्चित रियलिटी शो बिग बॉस एक ऐसा शो है जो अक्सर ख़बरों में बना रहता है। साथ ही शो के प्रत्येक सीजन में कोई न कोई ऐसा चेहरा या नाम अवश्य होता है, जो लोगों को हमेशा याद रहता है। इसी प्रकार 'बिग बॉस 11' की बात करे, तो इस सीजन में अर्शी खान ने दर्शकों के दिलों में अपनी एक ऐसी पहचान बनाई जिसे इतनी सरलता से भूला नहीं जा सकता है। अर्शी खान ने पूरी आवाम को अपनी अजीब हरकतों से बहुत मनोरंजन किया तथा अब उनकी शादी की खबरें आने लगी है।

अर्शी खान का नाम एक बार फिर से ख़बरों में बना हुआ है क्योंकि खबर आ रही है कि अर्शी खान शीघ्र ही शादी के बंधन में बंधने वाली है। हाल ही में अर्शी खान ने एक इंटरव्यू में अपनी निजी जिंदगी से जुड़े हुए कई खुलासा किए। अर्शी खान ने जहां एक ओर तो ईशान मसीह को डेट न करने की बात कही तो वहीं अपने होने वाले शौहर का जिक्र भी कर दिया।

अर्शी खान ने बताया कि उनका होने वाला शौहर मनोरंजन जगत से नहीं है। अब अर्शी आखिर किससे शादी करने वाली है इसके बारे में तो उन्होंने अधिक खबर नहीं दी, मगर इतना अवश्य बता दिया कि वह एक बिजनेसमैन हैं। अर्शी ने कहा कि उन्होंने उनके साथ एक वर्ष पश्चात् शादी करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही उनहोंने कहा कि वो अपने रिश्ते को अभी सार्वजनिक नहीं करना चाहती। उन्होंने कहा कि 'बिग बॉस 14' में रहने के समय ही निर्णय लिया था कि वो अपने रिश्ते और निजी जिंदगी को सीक्रेट रखेंगी नहीं तो उन्हें जज किया जाएगा।

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन

# ठंड के मौसम में स्टाइलिश तरीके से पहनें इंडियन आउटफिट



सर्दी का मौसम हर किसी को बहुत अच्छा लगता है. फिर चाहे बात खाने-पीने की हो या स्टाइल दिखाने की. इस मौसम में काफी एक्सपेरिमेंट किए जा सकते हैं. ठंड के मौसम में तरह तरह के स्वेटर्स और जैकेट्स की मदद से आप न सिर्फ खुद को ढककर रखते हैं बल्कि इस तरह से आप आसानी से स्टाइलिश भी दिख सकते हैं. हालांकि इस मौसम में लड़कियां वेस्टर्न ड्रेसेस जैसे जींस, टॉप, टी-शर्ट आदि पहनना काफी पसंद करती हैं क्योंकि इन्हें पहनकर लेयरिंग करना काफी आसान होता है. इसका यह अर्थ नहीं है कि आप इस मौसम में इंडियन वियर को नजरअंदाज कर दें. अगर आप कपड़ों को स्मार्टली पहनती हैं तो आप इंडियन आउटफिट जैसे साड़ी, सूट को भी ठंड के मौसम में आसानी से पहन सकती हैं और बेहद स्टाइलिश भी दिख सकती हैं. आइए आपको बताते हैं ठंड के मौसम में इंडियन वियर पहनने के कुछ आसान से टिप्स के बारे में.

ट्रेंच कोट अगर आपको साड़ी पहनना काफी पसंद है और आप सर्दियों में भी इसे कैरी करना चाहती हैं तो इसके उपर ट्रेंच कोट पहनें. यह न सिर्फ आपको ठंड से बचाएगा बल्कि आपके लुक को भी एक मेकओवर देगा. अगर आप अक्सर साड़ी पहनती हैं तो बेहतर होगा कि इस बार आप ट्रेंच कोट अवश्य खरीद लें.



स्वेटर ब्लाउज कुछ महिलाओं को लेयरिंग करना बहुत अधिक पसंद नहीं होता. ऐसे में अगर आप साड़ी पहन रही हैं तो अपने ब्लाउज को स्वेटर ब्लाउज से बदल दीजिए. आप अपने पसंदीदा कार्डिगन या स्वेटर को बतौर ब्लाउज पहन सकती हैं. यह एक डीसेंट लुक देता है और आप इसे आसानी से कैरी कर सकती हैं. लेदर जैकेट कुछ लड़कियां अपने लुक के साथ एक्सपेरिमेंट करना पसंद करती हैं. ऐसी लड़कियां लेदर जैकेट को अपने वार्डरोब का हिस्सा जरूर बनाएं. आप हैवी एंब्रॉयडिड इंडियन आउटफिट के साथ लेदर बाइकर जैकेट पहन सकती हैं. यकीन मानिए, हर कोई बस आपको ही देखता रह जाएगा.

शॉल सर्दी के मौसम में ठंड से बचने के लिए शॉल तो आपने पहना ही होगा. अब इसे अपने इंडियन आउटफिट का हिस्सा बनाएं. अगर आप सूट या लहंगा पहन रही हैं तो उसके साथ शॉल को बतौर दुपट्टा कैरी करें. आपको मार्केट में कई तरह के कलर, एंब्रॉयडरी और सीक्वेंस वर्क में शॉल मिल जाएंगी, जो आपके आउटफिट को एकदम यूनिक लुक देंगी.

जैकेट स्टाइल अनारकली ठंड के मौसम में इंडियन वियर पहनने के लिए आपको अपने स्टाइल में थोड़ा सा बदलाव करना होता है. अगर आप किसी पार्टी में जा रही हैं और आपने अनारकली पहनने का मन बनाया है तो आप सिंपल अनारकली कैरी करने की बजाय लॉन्ग जैकेट स्टाइल अनारकली पहनें. आप इसके साथ हैवी और ब्यूटीफुल ज्वैलरी भी जरूर कैरी करें.

## शब्द सामर्थ्य -45

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकुल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | | | | ■ | 7 | 8 |
| 9 | | | ■ | | ■ | 10 | | |
| | ■ | 11 | | ■ | 12 | | ■ | |
| ■ | 13 | ■ | ■ | 14 | | | ■ | ■ |
| 15 | | 16 | | ■ | | ■ | ■ | 17 |
| | ■ | | ■ | 18 | | 19 | ■ | |
| | ■ | 20 | | | ■ | 21 | | |
| ■ | 22 | | ■ | 23 | | | ■ | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 44 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ल | ■ | आ | वा | जा | ही | ■ | ■ |
| मा | ■ | खू | ब | ■ | दू | र | स्थ | ■ |
| ना | दा | न | ■ | सा | ग | ■ | ल | क्ष्य |
| ■ | न | ख | ■ | त | र | ल | ■ | ■ |
| ■ | वी | रा | न | ■ | ■ | च | ट | क |
| ■ | र | ब | ■ | आ | ज | क | ल | ■ |
| ■ | ■ | ■ | आ | ग | ■ | दा | ना | ■ |
| ■ | अ | ग | र | म | ग | र | ■ | क्रो |
| भा | भी | ■ | ती | न | ■ | ■ | व | ध |

## पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की बायोपिक में मुख्य भूमिका निभाएंगे पंकज त्रिपाठी

जून में देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की बायोपिक का ऐलान किया गया था। फिल्म की घोषणा के साथ ही दर्शक यह जानने के लिए उत्साहित थे कि अटल की भूमिका कौन अदा करेगा। अब इस फिल्म के लिए जाने-माने अभिनेता पंकज त्रिपाठी को चुन लिया गया है। वह फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। इसका शीर्षक मैं रहूं या ना रहूं ये देश रहना चाहिए अटल रखा गया है।

पंकज त्रिपाठी ने इंस्टाग्राम पर अपने फैंस को फिल्म से जुड़ने की जानकारी दी है। उन्होंने अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, भारत जमीन का टुकड़ा नहीं, जीता जागता राष्ट्रपुरुष है। ये पंक्तियां लिखने वाले महान नेता श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की भूमिका मुझे बड़े पर्दे पर साकार करने का अवसर मिल रहा है। इसे मैं अपना सौभाग्य मानता हूं। इस फिल्म के लिए पंकज को सोशल मीडिया पर फैंस शुभकामनाएं दे रहे हैं।

पंकज ने अपने बयान में कहा, एक मानवीय राजनेता को पर्दे पर निभाना मेरे लिए सम्मान की बात है। वह सिर्फ एक राजनेता ही नहीं, बल्कि बहुत कुछ थे। वह एक उत्कृष्ट लेखक और एक प्रसिद्ध कवि थे। उनके किरदार को निभाना मेरे जैसे अभिनेता के लिए सौभाग्य की बात है। फिल्म के निर्माण में विनोद भानुशाली, संदीप सिंह, सैम खान, विशाल गुरनानी और कमलेश भानुशाली अपना सहयोग दे रहे हैं। इसका निर्देशन रवि जाधव करेंगे।

यह फिल्म उल्लेख एनपी की किताब द अनटोल्ड वाजपेयी: पॉलिटिशियन एंड पैराडॉक्स पर आधारित होगी। इसमें अटल के बचपन से लेकर उनके राजनेता बनने तक के सफर को फिल्माया जाएगा। मेकर्स उनकी जिंदगी से जुड़ी कुछ अनकही कहानियों को फिल्म में शामिल करेंगे। राजनीति के साथ-साथ मनोरंजन जगत के दर्शकों को इस बायोपिक का जरूर इंतजार रहेगा। अगले साल की शुरुआत में इसकी शूटिंग शुरू होगी। इसे अगले साल क्रिसमस के मौके पर रिलीज किया जाएगा।

अटल 1996 में भारत के प्रधानमंत्री बने थे। हालांकि, अन्य दलों ने जब भाजपा से अपना समर्थन वापस ले लिया, तो 13 दिनों के भीतर उन्हें इस्तीफा देना पड़ा था। फिर वह 1998 और 1999 में भी दूसरे और तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री के पद पर काबिज हुए। वह भारतीय जनसंघ (भ्क्क) के संस्थापक सदस्यों में से एक थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (त्ैै) के साथ उनका जुड़ाव रहा। 2018 को 93 वर्ष की आयु में उनका निधन हुआ।

देश के पूर्व प्रधानमंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता मनमोहन सिंह के जीवन पर आधारित फिल्म भी दर्शकों के बीच आ चुकी है। वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बायोपिक पीएम नरेंद्र मोदी 2019 में रिलीज हुई थी। इसमें विवेक ओबेरॉय ने मुख्य भूमिका निभाई थी। (आरएनएस)

## दुलकर और सनी देओल की चुप अब ओटीटी पर!

दुलकर सलमान और सनी देओल अभिनीत फिल्म चुप को दर्शकों और समीक्षकों से काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली। फिल्म की कहानी से लेकर इसमें कलाकारों के अभिनय तक की काफी तारीफ हुई।

दर्शक पिछले काफी समय से इसकी ओटीटी रिलीज का इंतजार कर रहे थे, जो अब खत्म होने वाला है। अब जो दर्शक फिल्म को सिनेमाघरों में देखने से चूक गए, वे ओटीटी पर इसका लुत्फ उठा पाएंगे। चुप 25 नवंबर, 2022 को जी5 पर आई। सिनेमा के प्यार के लिए वो उन सभी को चुप करा देंगे, जो फिल्मों की आलोचना करने के लिए अपनी ताकत का दुरुपयोग करते हैं। इस घोषणा के बाद सोशल मीडिया पर चुप ट्रेंड हो रहा है, वहीं दुलकर और सनी के प्रशंसक इस खबर से बेहद खुश हैं। खबर है कि यह फिल्म ओटीटी पर हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम में भी रिलीज होगी।

चुप में सस्पेंस, थ्रिलर और रोमांस कूट-कूटकर भरा हुआ है। इसमें काफी कुछ अलग किया गया है। जैसे सीरियल किलर अपनी गर्लफ्रेंड को कागज के फूल देता है। पुरानी फिल्म के गाने भी इस्तेमाल किए गए हैं। इसका कॉन्सेप्ट बहुत अलग है। चुप का निर्देशन आर बाल्की ने किया है। यह 23 सितंबर, 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। दिलचस्प बात यह है कि अमिताभ बच्चन ने इस फिल्म से बतौर म्यूजिक कंपोजर बॉलीवुड में कदम रखा है।

चुप में यूं तो हर कलाकार ने अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन सबसे ज्यादा तारीफें दुलकर ने बटोरीं। उन्होंने इसमें एक फूल बेचने वाले का किरदार निभाया, वहीं सनी इसमें एक पुलिसवाले की भूमिका में दिखे। फिल्म में श्रेया धनवंतरी के काम की भी तारीफ हुई। वह इसमें एंटरटेनमेंट जर्नलिस्ट बनी हैं, लेकिन इन सब पर अभिनय के मामले में दुलकर भारी पड़े हैं। सोशल मीडिया पर लोगों ने उनके किरदार और अभिनय की भर-भर के तारीफ की।

दुलकर की अगली फिल्म किंग ऑफ कोठा काफी चर्चा में है। यह एक मलयालम गैंगस्टर फिल्म है, जिसका निर्देशन अभिषेक जोशी ने किया है। इसमें दुलकर एक गैंगस्टर के किरदार में नजर आने वाले हैं। दूसरी तरफ सनी की आने वाली फिल्मों की बात करें तो वह गदर 2 में दिखाई देंगे। वह संजय दत्त, जैकी श्रॉफ और मिथुन चक्रवर्ती के साथ एक एक्शन फिल्म पर भी काम कर रहे हैं। फिल्म अपने 2 भी उनके खाते से जुड़ी है। (आरएनएस)

## प्यार का पंचनामा 3 के लिए साथ आए निर्देशक लव रंजन और कार्तिक आर्यन



अभिनेता कार्तिक आर्यन को पिछली बार फिल्म भूल भुलैया 2 में देखा गया था। वह कई बड़ी फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। अब जो खबर आ रही है, उससे कार्तिक के प्रशंसकों की खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। दरअसल, वह अपनी हिट फिल्म प्यार का पंचनामा का तीसरा पार्ट भी दर्शकों के सामने पेश करने वाले हैं। मतलब यह कि एक बार फिर निर्देशक लव रंजन और कार्तिक की जोड़ी धमाल मचाने वाली है।

रिपोर्ट के मुताबिक, निर्देशक लव रंजन अब अपनी हिट सीरीज प्यार का पंचनामा को आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं और साथ ही बेहद उत्साहित भी हैं। लव, कार्तिक और निर्माता अभिषेक पाठक प्यार का पंचनामा 3 के जरिए फिर एक-दूसरे से जुड़ने के इच्छुक हैं। वे कई कॉन्सेप्ट पर काम कर रहे हैं। लव इस फिल्म को मार्च में रणबीर और श्रद्धा अभिनीत अपनी अगली फिल्म की रिलीज के बाद शुरू करने की तैयारी में हैं।

अभिषेक से जब इस बारे में बात की गई तो उन्होंने कहा, प्यार का पंचनामा हमारी सबसे प्यारी फ्रैंचाइजी है और हम खुद इसका तीसरा भाग बनाना चाहते हैं। यह एक ऐसी फिल्म हैं, जिसके साथ हम सभी ने एक साथ अपना सफर शुरू किया। हमारे पास कुछ विचार हैं जो प्यार का पंचनामा 3 में तब्दील हो सकते हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि फिल्म के निर्माता-निर्देशक सालों से प्यार का पंचनामा 3 पर काम कर रहे हैं।

कार्तिक ने 2011 में प्यार का पंचनामा से ही अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत की थी। इसका दूसरा भाग भी दर्शकों की कसौटी पर खरा उतरा था। प्रशंसक काफी समय से फिल्म के तीसरे भाग की राह देख रहे थे। कार्तिक के लिए खुद यह फिल्म बेहद खास है, क्योंकि इसी फिल्म से उन्होंने बॉलीवुड में अपने सफर की शुरुआत की और पहली ही फिल्म से कार्तिक दर्शकों के दिलो-दिमाग में छा गए। फिल्म में उनकी डायलॉग डिलीवरी काबिल-ए-तारीफ थी।

कार्तिक जहां एक तरफ फिल्म फ्रेडी को लेकर सुर्खियों में हैं, वहीं साजिद नाडियाडवाला की फिल्म लुका छिपी 2 भी उनके खाते से जुड़ी है। कार्तिक फिल्म शहजादा में भी मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। इसके अलावा हंसल मेहता की फिल्म कैप्टन इंडिया में वह अपनी मौजूदगी दर्ज कराने वाले हैं। वह अनीस बाज्मी की एक रोमांटिक फिल्म और संजय लीला भंसाली की फिल्म का हिस्सा हैं। फिल्म आशिकी 3 के हीरो भी कार्तिक ही हैं।

लव ने प्यार का पंचनामा से निर्देशन की दुनिया में आगाज किया था। इसके बाद वह आकाशवाणी, प्यार का पंचनामा 2 जैसी फिल्में भी लाए, लेकिन 2018 में आई उनकी फिल्म सोनू के टीटू की स्वीटी उनके करियर के लिए मील का पत्थर साबित हुई। (आरएनएस)

## नागा शौर्य लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड अनुषा शेट्टी से शादी के बंधन में बंधे

लोकप्रिय तेलुगू अभिनेता नागा शौर्य ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लंबे समय की अपनी प्रेमिका और इंटीरियर डिजाइनर अनुषा एन. शेट्टी को मंगलसूत्र बांधते हुए एक तस्वीर साझा की। वे रविवार को बेंगलुरु के एक होटल में एक निजी समारोह में शादी के बंधन में बंध गए।

सोशल मीडिया पर दोनों की प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन और शादी समारोह की तस्वीरें और वीडियो वायरल हो रही हैं।

तस्वीर में कपल शादी के पारंपरिक परिधान में बेहद खूबसूरत लग रहा था। अभिनेता ने कैप्शन में लिखा है, इंट्रोड्यूसिंग माय लाइफटाइम रिस्पॉन्सिबिलिटी। जैसे ही वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, उनके प्रशंसकों और दोस्तों से युगल के लिए बधाई संदेशों का तांता लग गया।

उनका प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन 19 नवंबर को हुआ जिसमें मेहंदी सेरेमनी और कॉकटेल पार्टी शामिल थी। तस्वीरों में नागा को नीले रंग का कुर्ता पहना हुआ देखा जा सकता है, जबकि अनुषा ने फूलों की कढ़ाई वाला लहंगा पहना था।

शादी समारोह के लिए उन्होंने धोती के साथ सफेद कुर्ता पहना था और अनुषा को ट्रेडिशनल स्टाइल में गोल्डन कढ़ाई वाली साड़ी, हैवी ज्वेलरी और बालों में गजरा पहने देखा जा सकता है। वे उद्योग मित्रों और परिवार के सदस्यों के लिए एक रिसेप्शन का आयोजन करेंगे। नागा को हाल ही में कृष्णा वृंदा विहारी में देखा गया था। वह अगली बार एक एक्शन एंटरटेनर रंगबली में दिखाई देंगे, जिसकी शूटिंग शुरू हो चुकी है।( आरएनएस)

## हड्डी के लिए किन्नरों के साथ रहे नवाजुद्दीन सिद्दीकी

अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी पिछली बार पर्दे पर हीरोपंती 2 में नजर आए थे। उनकी आने वाली फिल्मों की भी लंबी कतार है जो ओटीटी पर रिलीज का इंतजार कर रही हैं। अगस्त में उनकी फिल्म हड्डी की घोषणा हुई थी। इस फिल्म में नवाजुद्दीन एक किन्नर के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म से नवाज का लुक काफी वायरल हुआ था। अब एक इंटरव्यू में नवाज ने इस किरदार को निभाने के अनुभव साझा किया है।



हड्डी का निर्देशन अक्षत अजय शर्मा करेंगे। जी स्टूडियोज के साथ मिलकर आनंदिता स्टूडियोज इस फिल्म को प्रोड्यूस करेगी। फिल्म के ऐलान के समय नवाज ने कहा था, मैंने अलग-अलग दिलचस्प किरदार निभाए हैं, लेकिन हड्डी एक अनोखा और खास किरदार होगा, क्योंकि इसमें मैं अनदेखे लुक में नजर आऊंगा। यह किरदार मुझे एक अभिनेता के रूप में अपनी क्षमता को बढ़ाने में भी मदद करेगा। फिलहाल इस क्राइम थ्रिलर फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा नहीं हुई है।

नवाज ने किन्नर का किरदार निभाने का अपना अनुभव साझा किया है। किन्नर का किरदार निभाने और उनके बीच काम करने से नवाज ने एक नई दुनिया देखी है। उन्होंने कहा, मैं हड्डी में कई किन्नरों के साथ काम कर रहा हूं। मैं 20-25 किन्नरों के बीच में रह रहा था। उनका दुनिया को देखने का नजरिया बिल्कुल अलग है। मैंने उनकी जिंदगी के बारे में बहुत कुछ सीखा है।

किरदार को निभाने की चुनौती पर बात करते हुए नवाज ने बताया कि इसमें सिर्फ अभिनय नहीं करना है, बल्कि दर्शकों को किरदार पर भरोसा दिलाना है। उन्होंने कहा, यह बनावटी नहीं लगना चाहिए। मैं इस किरदार को महसूस करना चाहता हूं न कि सिर्फ उसका अभिनय करना चाहता हूं, इसलिए मैंने उनके साथ रहने का फैसला किया। अब मैं इंतजार कर रहा हूं कि आगे यह क्या मोड़ लेता है। नवाजुद्दीन जल्द ही हॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। लक्ष्मण लोपेज नाम की हॉलीवुड फिल्म में वह शेफ का किरदार निभाएंगे। इसके अलावा उनकी कई फिल्में रिलीज होने को तैयार हैं। वह फिल्म नूरानी चेहरा, टीकू वेड्स शेरू, बोले चूड़ियां और अद्भुत में नजर आएंगे। किसी ओटीटी प्लेटफॉर्म के साथ बात न बनने के कारण इन फिल्मों की रिलीज रुकी हुई है। नवाज के ऋतिक रोशन की फिल्म कृष 4 में होने की भी चर्चा है।

# जी-20 शिखर सम्मेलन : मेक फॉर द ग्लोबल का नया द्वार

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

नवम्बर 16 को भारत के जी-20 का नया अध्यक्ष बनने के बाद 'मेक इन इंडिया' और 'मेक फॉर द ग्लोबल' की नई संभावनाएं उभरकर दिखाई दे रही हैं।

15 नवम्बर को दुनिया के सबसे प्रमुख 20 देशों के समूह जी-20 के शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हम सब पर नई वैश्विक व्यवस्था बनाने की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कोविड और यूक्रेन संकट के बाद वैश्विक सप्लाई चेन तहस-नहस हो गई है। ऐसे में भारत आत्मनिर्भरता के साथ वैश्विक जरूरतों की पूर्ति के लिए अहम भूमिका निभाते दिख रहा है।

गौरतलब है कि इन दिनों पूरी दुनिया में चीन प्लस वन की जरूरत के मद्देनजर 'मेक फॉर द ग्लोबल' के लिए भारत को दुनिया के दूसरे नये कारखाने के रूप में चिह्नित किया जा रहा है। दुनिया के विभिन्न आर्थिक और वित्तीय संगठनों की रिपोटरे में मेक फॉर ग्लोबल और दुनिया के लिए खाद्यान्न आपूर्ति करने वाले नये देश के रूप में भारत की नई संभावनाएं प्रस्तुत की जा रही हैं। हाल ही में 8 नवम्बर को वैश्विक निवेश फर्म मार्गन स्टेनली के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट में भी कहा गया है कि भारत के वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की जो संभावनाएं उभरकर दिखाई दे रही हैं, उसमें भारत के मैन्युफैक्चरिंग हब और 'मेक फॉर द ग्लोबल' की अहम भूमिका होगी।

स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि चीन के खिलाफ नकारात्मक धारणा बनने से भारत को नया आधार मिल रहा है। दुनियाभर में तेजी से बदलती हुई यह धारणा भी भारत के लिए लाभप्रद है कि भारत सस्ती लागत और कार्य कौशल के मद्देनजर विनिर्माण में चीन को पीछे छोड़ते हुए दिखाई दे रहा है। हाल ही में तीन नवम्बर को प्रकाशित 85 देशों के मैन्युफैक्चरिंग से संबंधित विभिन्न कारकों का समग्र मूल्यांकन करने वाली विश्व प्रसिद्ध यूएस न्यूज एंड वर्ल्ड रिपोर्ट' 2022 के तहत सस्ते विनिर्माण के मद्देनजर भारत को 100 प्रतिशत अंक दिए गए हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत ने चीन और वियतनाम को पीछे छोड़ते हुए दुनिया भर में सबसे कम 'विनिर्माण लागत' वाले देश का दर्जा हासिल कर लिया है। हालांकि इस रिपोर्ट में 'अनुकूल कर वातावरण' और 'पारदर्शी सरकारी नीतियां' जैसी श्रेणियों में भारत का प्रदर्शन अभी भी सुधार योग्य कहा गया है। निश्चित रूप से भारत के मैन्युफैक्चरिंग हब बनने के परिप्रेक्ष्य में अधिक विनिर्माण लागत सबसे बड़ी चुनौती रही है, ऐसे में जहां अन्य प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में मैन्युफैक्चरिंग लागत में कमी भारत के लिए सुकूनदेह है, वहीं देश में तेजी से आर्थिक सुधारों ने भी भारत के मैन्युफैक्चरिंग हब की संभावनाओं को आगे बढ़ाया है। पिछले 8 वर्षों में सरकार ने जिस तरह कई आर्थिक सुधारों को अपनाया है और कई प्रोत्साहन दिए हैं, उससे भी भारत मैन्युफैक्चरिंग के एक बेहतर हब के रूप में उभरते हुए दिखाई दे रहा है।

उल्लेखनीय है कि आत्मनिर्भर भारत अभियान में मैन्युफैक्चरिंग के तहत 24 सेक्टर को प्राथमिकता के साथ तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। चीन से आयात किए जाने वाले दवाई, रसायन और अन्य कच्चे माल का विकल्प तैयार करने के लिए पिछले दो वर्ष में सरकार ने प्रोडक्शन लिंक्ड इनसेंटिव (पीएलआई) स्कीम के तहत 14 उद्योगों को करीब दो लाख करोड़ रुपये आवंटन के साथ प्रोत्साहन सुनिश्चित किए हैं। अब देश के कुछ उत्पादक चीन के कच्चे माल का विकल्प बनाने में सफल भी हुए हैं। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक पीएलआई स्कीम की सफलता के कारण ही वर्ष 2022-23 में अप्रैल-अगस्त के दौरान फॉर्मा उत्पादों के आयात में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 40 फीसद की कमी आई है और निर्यात में पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के मुकाबले करीब 3.47 फीसद की वृद्धि हुई है।

निश्चित रूप से जिस तरह भारत की नई लॉजिस्टिक नीति 2022 और गति शक्ति योजना का आगाज अभूतपूर्व रणनीतियों के साथ हुआ है, उससे भी भारत आर्थिक प्रतिस्पर्धी देश के रूप में तेजी आगे बढ़ेगा। भारत की निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था की डगर भारत को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने में प्रभावी भूमिका निभा रही है। अब विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) की नई अवधारणा के तहत सरकार के द्वारा सेज से अंतरराष्ट्रीय बाजार के साथ-साथ राष्ट्रीय बाजार के लिए विनिर्माण करने वाले उत्पादकों को विशेष सुविधाओं से नवाजा जा रहा है, इतना ही नहीं कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर के मुताबिक सरकार ने देश में ज्यादा मूल्य और मूल्यवर्धित कृषि निर्यात से संबंधित उद्योगों और खाद्य प्रसंस्कृत उत्पादों के मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की संभावनाओं को भी आगे बढ़ाया है।

भारत के द्वारा यूएई और ऑस्ट्रेलिया के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को मूर्तरूप दिए जाने के बाद अब यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, कनाडा, खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के छह देशों, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका और इजराइल के साथ एफटीए के लिए प्रगतिपूर्ण वार्ताएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं। इससे भी भारत के मैन्युफैक्चरिंग हब बनने को बड़ा आधार मिलेगा। यह बात भी महत्त्वपूर्ण है कि भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा हाल ही में एक नवम्बर को डिजिटल रु पये की शुरुआत और 9 नवम्बर को विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के द्वारा निर्यातकों की निर्यात लाभों का दावा रुपये में करने में सक्षम बनाए जाने संबंधी महत्त्वपूर्ण निर्णय से भी देश को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाए जाने में बड़ी मदद मिलेगी।

हम उम्मीद करें कि देश और दुनिया में भारत को दुनिया का नया मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की जो संभावनाएं प्रस्तुत हो रही हैं, उन्हें साकार करने के लिए उत्पाद लागत को घटाने शोध एवं नवाचार पर फोकस करने, कानूनों को और सरल बनाने, अर्थव्यवस्था के डिजिटलीकरण की रफ्तार तेज करने, लॉजिस्टिक की लागत कम करने तथा श्रमशक्ति को नई डिजिटल कौशल योग्यता से सुसज्जित करके 'मेक इन इंडिया एंड मेक फॉर द ग्लोब' की रणनीति को सफल बनाया जाएगा। हम उम्मीद करें कि आगामी वर्ष 2023 में जी-20 की अध्यक्षता का प्रभार रखते हुए सरकार भारत में मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की संभावनाओं के अवसर को साकार करने के लिए तेजी से आगे बढ़ते हुए दिखाई देगी।

## मणिरत्नम की पोन्नियिन सेल्वन - 1 ने 50 दिनों में 500 करोड़ रुपये का आंकड़ा किया पार

30 सितंबर को रिलीज होने के 50 दिन बाद, मणिरत्नम की पोन्नियिन सेल्वन-1 ने वैश्विक स्तर पर 500 करोड़ रुपये की कमाई की है, जो रजनीकांत-स्टारर 2.0 के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाली यह केवल दूसरी तमिल फिल्म है।

फिल्म के निर्माता लाइका प्रोडक्शंस ने ट्वीट किया, हैशटैग-पोन्नियिनसेल्वन के 50 शानदार दिन और अभी भी मजबूत चल रहे हैं।

कलाकारों की टुकड़ी में मुख्य भूमिका निभाने वाले चियान विक्रम ने ट्वीट किया, कोई कृपया मेरे लिए चुटकी बजाएं .. और मुझे बताएं कि यह एक सपना नहीं है। हैशटैग-पोन्नियिनसेलवन।

तमिल सम्राट राजा राजा चोल के जीवन और समय की एक ऐतिहासिक गाथा, मणिरत्नम फिल्म काफी लंबे समय से बन रही थी और इसने बॉक्स ऑफिस पर अपने भाग्य को लेकर चौतरफा उत्सुकता जगा दी थी। हालांकि, ऐश्वर्या राय सहित बड़े-टिकट वाले अभिनेताओं की अपनी आकाशगंगा के साथ पीएस1 को दर्शकों, युवा और बूढ़े लोगों द्वारा पसंद किया गया था।

फिल्म अब दक्षिण भारतीय ब्लॉकबस्टर की सूची में अपनी जगह पाती है - दो बाहुबली फिल्में, आरआरआर और केजीएफ चैप्टर 2 - जिन्होंने 500 करोड़ रुपये की बाधा को पार कर लिया है। पीएस-1 आरआरआर और केजीएफ2 से काफी पीछे है, दोनों ने 2022 में 1,000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया था, लेकिन अब यह इस साल के नंबर 3 के रूप में ब्रह्मास्त्र पार्ट वन शिवा और द कश्मीर फाइल्स से आगे मजबूती से कायम है।

## सू- दोकू क्र. 45

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.44 का हल**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

# किश्तों में प्रियंका का इस्तेमाल

मुकाबला चाहे खेल के मैदान का हो या चुनाव के मैदान के, जो खिलाड़ी होता है वह पूरी ताकत लगाता है। लेकिन ऐसा लगता है कि कांग्रेस पार्टी इस सिद्धांत में विश्वास नहीं करती है। वह अपनी ताकत बचा कर रखने में विश्वास करती है। पता नहीं कांग्रेस नेताओं को लगता है कि बचा कर रखने से ताकत बढ़ेगी। चुनाव के मैदान में ताकत के अधिकतम इस्तेमाल से ताकत बढ़ती है।

इस बात को कांग्रेस नेताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देख कर सीखना चाहिए। वे हर चुनाव में ऐसी मेहनत करते हैं, जैसे इस चुनाव पर उनकी किस्मत दांव पर लगी है। दर्जनों रैलियां, सभाएं, रोड शो, चुनाव की रणनीति की बैठकें, नेताओं से बातचीत जैसे सारे काम वे प्रधानमंत्री रहते हुए करते हैं। इसके उलट कांग्रेस हर चुनाव आधे अधूरे तरीके से लड़ती है।

मिसाल के तौर पर अभी हिमाचल प्रदेश का चुनाव हुआ, सिर्फ प्रियंका गांधी वाड्रा की चार दिन रैलियां हुईं। भारत जोड़ो यात्रा कर रहे राहुल गांधी यात्रा रोक कर गुजरात के प्रचार में जा रहे हैं तो क्या वे एक दिन हिमाचल नहीं जा सकते थे? सोनिया गांधी की सेहत ठीक नहीं है लेकिन कहा जा रहा है कि वे महाराष्ट्र के शेगांव में होने वाली रैली में शामिल हो सकती हैं। वे भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने कर्नाटक गई थीं। लेकिन वे एक भी सभा करने हिमाचल नहीं गई और न उन्होंने हिमाचल के लोगों के नाम चिट्ठी लिखी या अपील



जारी की। गुजरात में राहुल गांधी जाएंगे तो प्रियंका गांधी वाड्रा नहीं जाएंगी। कांग्रेस पार्टी किश्तों में प्रियंका का इस्तेमाल कर रही है। वे पार्टी की महासचिव हैं और उनको हर जगह चुनाव में मेहनत करनी चाहिए। देश का सत्तारूढ़ दल पूरी ताकत लगा कर चुनाव लड़ता है लेकिन मुख्य विपक्षी पार्टी हर चुनाव में अपनी कुछ ताकत बचा लेती है और इसकी नतीजा है कि उसकी ताकत लगातार खत्म होती जा रही है। (आरएनएस)

## मधुर भंडारकर की अगली फिल्म इंडिया लॉकडाउन में दिखेंगी आयशा एस एमन

फिल्म निर्देशक मधुर भंडारकर की अगली फिल्म इंडिया लॉकडाउन की रिलीज डेट का ऐलान हो चुका है. मधुर भंडारकर की यह फिल्म लंबे वक्त से सुर्खियों में बनी हुई है. लॉकडाउन के परेशानियों से जूझती 4 जिंदगियों की कहानी है फिल्म इंडिया लॉकडाउन. यह फिल्म 2 दिसंबर 2022 को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज होगी. मधुर भंडारकर ने इस फिल्म को लॉकडाउन के दौरान शूट किया था. इस फिल्म में 4 मुख्य किरदारों की अलग-अलग कहानी के जरिए भारत में कोरोना महामारी के दौरान लगे पहले लॉकडाउन की कहानी को बयां किया है. इसी में से एक ट्रैक में एक्ट्रेस श आयशा एस एमन सेक्स वर्कर का रोल प्ले कर रही हैं. उनके जरिए महामारी के दौरान सेक्स वर्करों की दुर्दशा पर फोकस किया गया है. मधुर भंडारकर के साथ अमित जोशी और आराधना साह द्वारा लिखित, इंडिया लॉकडाउन उन अलग-अलग व्यक्तियों के जीवन की पड़ताल करती है, जो कोरोना महामारी के कारण लगे लॉकडाउन में एक अनपेक्षित नाटकीय स्थिति में फंस गए हैं. आपको बता दें, ये फिल्म डॉ. जयंतीलाल गड़ा (पेन स्टूडियो) द्वारा प्रस्तुत और भंडारकर एंटरटेनमेंट, प्रणव जैन, धवल जयंतीलाल गड़ा और अक्षय जयंतीलाल गड़ा द्वारा निर्मित है.





मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती ऋतु खंडूड़ी भूषण एवं नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य से शिष्टाचार भेंट की।

# जमीनी फर्जीवाडे में अधिवक्ता सहित दो के खिलाफ मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। दूसरे की जमीन के फर्जी दस्तावेज बनाकर बेचने का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने अधिवक्ता सहित दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चण्डीगढ निवासी जोहरा सिंह ने मसूरी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी मसूरी में जमीन है। उसने बताया कि भाववाला निवासी सुदर्शन सिंह असवाल ने अधिवक्ता नोटरी के साथ मिलकर उसकी जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर उसको अपनी बताकर बेचने का प्रयास किया गया जिसका जब उसको पता चला तो वह वहां पहुंचा।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# चोरों ने दो मकानों के ताले तोडकर वहां से लाखों के जेवरात चोरी किये

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने दो मकानों के ताले तोडकर वहां से लाखों के जेवरात व नगदी चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खैरी खुर्द निवासी शिवदेव साहनी ने रायवाला थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह परिवार सहित बाहर गये थे जब वह आज आये तो उन्होंने देखा कि उसके मकान का ताला टूटा हुआ था तथा अन्दर सारा सामान बिखरा हुआ था। चोर उसके यहां से मंगलसूत्र, कान के टाप्स, अंगूठी चेन व नगदी चोरी करके ले गये है। वहीं खैरी खुर्द निवासी श्रीमती अम्बिका शर्मा ने भी रायवाला थाने में उसके मकान से सोने के जेवरात व नगदी चोरी होने का मुकदमा रायवाला थाने में दर्ज कराया है।

पुलिस ने दोनों मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# जरूरतमंद तक पहुंचना सच्ची समाजसेवाः श्रीवास्तव

नगर संवाददाता

नैनीताल। समाज में जो जरूरतमंद लोग है उन तक पहुँच कर उनके जरूरत को पूरा करना है ही सच्ची समाजसेवा है। यह बात अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने हल्द्वानी में नैनीताल शाखा द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर के आयोजन के अवसर पर कही।

उन्होंने कहा कि मदद के लिए एक साथ खड़ा होना और साथ साथ जरूरतमंद तक पहुँचना ही समाज को भी मजबूत बनाता है। इस दौरान प्रदेश राजनीतिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रवि सरन ने कायस्थ समाज द्वारा किए जा रहे कार्यों को बताया। जिला अध्यक्ष डा राजीव और डा सीमा श्रीवास्तव ने स्वास्थ्य शिविर के दौरान सभी बुजुर्ग लोगों का स्वास्थ्य चेक किया और जरूरी दवाए भी वितरित की। महासचिव अतुल श्रीवास्तव , प्रदेश कोषाध्यक्ष हितेंद्र सक्सेना और प्रदेश युवा अध्यक्ष सौरभ सक्सेना ने सभी लोगों का हाल चाल लेते हुए उन्हें उनकी जरूरत के अनुसार सामानों का लिस्ट तैयार कर




पहुँचाने की बात कही। प्रदेश सह संगठन मंत्री सुशील सक्सेना ने सबका धन्यवाद ज्ञापित किया । आज अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की नैनीताल इकाई के तत्वाधान में रामपुर रोड स्थित वृद्धाश्रम में पहुंचकर सभा के पदाधिकारियों द्वारा फ्री हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार श्रीवास्तव ने भगवान श्री चित्रगुप्त जी के आराधना कर उनका दीप प्रज्वलित किया तत्पश्चात डॉ राजीव श्रीवास्तव एवं डॉ सीमा श्रीवास्तव द्वारा वहां के रह रहे सभी बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। ,इसके उपरांत सभा के पदाधिकारियों द्वारा आनंद आश्रम को खाद्य सामग्री,दवाएं व गर्म कपड़े प्रदान किए गए। कार्यक्रम में भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश संगठनमंत्री सुशील सक्सेना, युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सौरभ सक्सेना, हितेंद्र सक्सेना, रविसरन, जिला नैनीताल के अध्यक्ष डॉ राजीव श्रीवास्तव, सचिव अतुल कुमार श्रीवास्तव, संगठन मंत्री चितरंजन श्रीवास्तव नगर अध्यक्ष प्रभात सक्सैना, नगर सचिव नवल किशोर सक्सेना, सर्वेश श्रीवास्तव सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर महिला की मौत

देहरादून (सं)। अज्ञात वाहन की चपेट में आकर महिला की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मृतका के बेटे की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार डाबरवाली गली निरंजनपुर निवासी उर्मिला कश्यप पैदल ही मण्डी चौक से घर की तरफ जा रही थी तभी अज्ञात वाहन ने उसको अपनी चपेट में ले लिया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गयी। जिसको आसपास के लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मृतका के बेटे शुभम कश्यप की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## शराब के साथ गिरफ्तार

देहरादून। पुलिस ने शराब के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने हरिद्वार रोड पर एक खाली प्लाट पर एक युवक को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 44 पव्वे शराब के बरामद कर लिये।

# जमीन के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधडी में सात के खिलाफ मुकदमा

देहरादून (संवाददाता)। पुलिस ने जमीन के नाम पर लाखों रूपये की धोखाधडी में सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रेमनगर निवासी विरेन्द्र सिंह ने प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी पहचान प्रेमनगर निवासी अनिल उर्फ पहलवान से हुई। उसने अनिल को बताया कि उसको कहीं पर जमीन दिला दें जिसके बाद अनिल ने उसको सोनीपत हरियाणा निवासी अजय कुमार, संजीत गुप्ता, ऋषि चौहान, चंदन, रिजवी व संजीव से मिलवाया तथा सभी ने उसको ठाकुर रोड पर एक प्लाट दिखाया जिसका सौदा 65 लाख रूपये में तय हुआ। जिसके बाद रजिस्ट्रेशन कराने व अन्य मदों के चलते उक्त लोगों ने उससे 27 लाख रूपये चेक के माध्यम से प्राप्त कर लिये। उक्त लोगों ने उसके साथ धोखाधडी कर उसके पैसे हडप लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# भारी मात्रा में चरस सहित एक दबोचा

हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। नशा तस्करी में लिप्त एक व्यक्ति को पुलिस ने भारी मात्रा में चरस व तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी सहित गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार कल देर शाम थाना गदरपुर पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कुछ नशा तस्कर नशीले पदार्थों की डिलीवरी हेतु आने वाले है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को गुलरभोज रोड अण्डर



पास के पास स्कूटी सवार एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखायी दिया। पुलिस ने जब उसे रोकना चाहा तो वह स्कूटी मोड़कर भागने लगा। इस पर उसे घेर कर दबोचा गया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से 1 किलो 54 ग्राम चरस बरामद की। पूछताछ में उसने अपना नाम अर्जुन सिंह पुत्र नन्हे सिंह निवासी दिनेशपुर ऊधम सिंह नगर बताया। पुलिस ने उसे सम्बन्धित धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

मातृ सदन
मो0 9760941522
वृद्ध माताओं का आश्रम (श्‍य्याग्रस्त न हों) निःशुल्क भोजन, वस्त्र एवं मैडिकल
सम्पूर्ण समर्पण फॉउन्डेशन (रजि.) 31/2 धर्मपुर, देहरादून
हेड ऑफिसः- साईं छाया, जोहड़ी गाँव, देहरादून

## एक नजर

# आफताब से रिश्ता तोड़ना चाहती थी श्रद्धा !

नई दिल्ली। दिल्ली के बहुचर्चित श्रद्धा वालकर हत्याकांड में नित नए खुलासे हुए रहे हैं। ताजा खुलासे में सामने आया है कि श्रद्धा आफताब अमीन से रिश्ता तोड़ना चाहती थी, जो कि आफताब नहीं चाहता था। इस बीच, जांच एजेंसी को आफताब के किचन, बाथरूम और बेडरूम से खून के निशान भी मिले हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक श्रद्धा ने 3-4 मई को अपने लिव इन पार्टनर आफताब से अलग होने का फैसला कर लिया था। हालांकि आफताब किसी भी सूरत में उसे छोड़ना नहीं चाहता था। इससे पहले पुलिस श्रद्धा की अंगूठी भी बरामद कर चुकी थी, जिसे आफताब ने किसी और लड़की को दिया था। आफताब का चौथे दिन भी पोलीग्राफ टेस्ट जारी है। इससे पहले 22, 24 और 25 नवंबर को उसका पोलीग्राफ टेस्ट किया जा चुका है। बताया जा रहा है कि आफताब से करीब 40 सवाल पूछे जा चुके हैं। पोलीग्राफ टेस्ट के बाद अब 1 दिसंबर को आफताब अमीर का नार्को टेस्ट होगा। साकेत कोर्ट ने जांच एजेंसियों को आफताब के नार्को टेस्ट की मंजूरी दे दी है।

# सड़क हादसे में तीन पत्रकारों की मौत

विदिशा। मध्यप्रदेश के विदिशा में सड़क हादसे में तीन पत्रकारों की मौत हो गई है, जिसमें प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेश शर्मा, सुनील शर्मा और नरेंद्र शर्मा शामिल हैं। रअसल, भोपाल विदिशा रोड पर ट्रक की टक्कर से तीनों पत्रकारों की मौत हुई है। घटना सोमवार रात 10 बजे की है। तीनों पत्रकार भोपाल से विदिशा आ रहे थे, तभी रास्ते में मौत से सामना हो गया। दिशा प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेश शर्मा ने 2 घंटे पहले फेसबुक पर एक इमोशनल पोस्ट भी डाली थी। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट कर शोक जताया है।

# युवक की गर्दन के आरपार हो गया त्रिशूल

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के कल्याणी के एक युवक की गर्दन के त्रिशूल आरपार हो गया है। खून से लथपथ युवक को सोमवार तड़के गंभीर हालत में कोलकाता के एनआरएस अस्पताल लाया गया। सर्जरी करीब 1 घंटे तक चली। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक ऑपरेशन सफल रहा। वह व्यक्ति वर्तमान में बिना किसी सपोर्ट सिस्टम के है। हालांकि त्रिशूल गर्दन में कैसे घुसा इसका अभी पता नहीं चल पाया है। एनआरएस अस्पताल के डॉक्टर प्रणवशीष बंद्योपाध्याय ने बताया, अगर त्रिशूल कुछ सेंटीमीटर इधर-उधर रहता तो उसकी मौत हो सकती थी. यह चमत्कार है कि गले में त्रिशूल आरपार होने के बाद भी वह बच गया! अस्पताल के मुताबिक सुबह के तीन बज रहे थे। कोलकाता के नीलारतन सरकार मेडिकल कॉलेज (एनआरएस) के आपातकालीन विभाग एक युवक खून से लथपथ हालत में पहुंचा। त्रिशूल उसकी गर्दन में घुस गया था। एक नुकीले त्रिशूल की छड़ गर्दन के पिछले हिस्से दिखाई दे रही थी और त्रिशूल का नुकीला हिस्सा, एक हाथ लंबा, सामने था। गले से लगातार खून बह रहा था। खून से कपड़े गीले हो गये थे। लगभग एक घंटे तक उसकी सर्जरी हुई और वह सफल रहा। डॉक्टर ने कहा कि उस स्थान पर श्वासनली, कैरोटिड ग्रंथि सहित कई महत्वपूर्ण अंग होते हैं। ट्रेकियोस्टोमी सर्जरी 'पुश एंड पुल' प्रक्रिया में की जाती है। इस सर्जरी का नेतृत्व डॉ प्रणवशी बनर्जी ने किया। उनके साथ डॉक्टर सुतीर्थ साहा, अर्पिता महंती और डॉक्टर नदीम भी थे. इसके अलावा सर्जरी के दौरान डॉक्टर मधुरिमा रॉय मौजूद रहीं।

# ई-रिक्शा चालक की निर्मम हत्या

देहरादून (संवाददाता)। अज्ञात हमलावरों ने ई-रिक्शा चालक की सिर पर चोट पहुंचाकर हत्या कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज प्रातः कैण्ट कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि गुच्चुपानी के पास एक युवक का शव पडा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में हडकम्प मच गया। आनन फानन में पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया तो पता चला कि मृतक के सिर पर कई वार करके उसकी हत्या की गयी है। पुलिस ने आसपास के लोगों से उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव की तलाशी ली तो उसके पास मिले कागजातों से उसके नाम का पता चला। पुलिस के अनुसार मृतक मेहूंवाला निवासी मोहसिन है। पुलिस ने मृतक के परिजनों से पूछताछ की तो पता चला कि मृतक ई-रिक्शा चालक है। परिजन मौके पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि मोहसिन का ई-रिक्शा गुच्चुपानी जाने वाले तिराहे पर खडा था। परिजनों ने पुलिस को बताया कि मोहसिन गत दिवस सुबह आठ बजे अपना ई-रिक्शा लेकर घर से निकला था तथा रात मे वापस नहीं आया तो उन्होंने उसको काफी तलाश किया लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला था। पुलिस के अनुसार मोहसिन की मौत सिर पर चोट पडने से हुई। पुलिस मामले की जांच में लग गयी कि मृतक मेहूंवाला से गुच्चुपानी किसके साथ आया था तथा उसकी हत्या किन कारणों से हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस क्षेत्र के आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। सीसीटीवी कैमरों से ही पता चल सकता है कि मृतक वहां पर किस समय पहुंचा और किसके साथ आया था।

# विपक्ष ने कानून व्यवस्था के मुद्दे पर सरकार को घेरा



विशेष संवाददाता

देहरादून। विधानसभा सत्र के पहले दिन विपक्ष द्वारा सदन से लेकर सड़कों तक कानून व्यवस्था के मुद्दे पर सरकार की घेराबंदी की गई। विपक्ष ने कानून व्यवस्था की स्थिति पर नियम 310 के तहत काम रोक कर चर्चा कराए जाने की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया।

उत्तराखंड विधानसभा के सत्र की शुरुआत जैसे कि पहले से ही उम्मीद जताई जा रही थी, हंगामे के साथ हुई। नेता विपक्ष द्वारा विधानसभा अध्यक्ष से नियम 310 के तहत चर्चा कराए जाने की मांग की गई विपक्ष का आरोप था कि प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी है अपराधी बेखौफ हो चुके हैं। पहाड़ की बेटी को एक रिजार्ट के स्वामी द्वारा अपने एक वीआईपी गेस्ट को विशेष सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए दबाव बनाया जाता है। डराया-धमकाया जाता है और जब वह नहीं मानती तो उसे बैराज में फेंक कर मार दिया जाता है। विपक्ष द्वारा इस घटना को पहाड़ के माथे पर कलंक बताकर

**❑9 संशोधन विधेयक पटल पर रखा**
**❑अंकिता मर्डर केस की जांच पर हंगामा**

आरोपियों को संरक्षण देने तथा साक्ष्य मिटाने का आरोप लगाते हुए वीआईपी गेस्ट के नाम का खुलासा करने और मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की जाती है।

वही आज विपक्ष द्वारा उधम सिंह नगर की उस घटना को जोर-शोर से उठाया जाता है जिसमें यूपी पुलिस द्वारा एक महिला की घर में घुसकर हत्या कर दी गई थी। विपक्ष का कहना था कि क्या यही है प्रदेश की कानून व्यवस्था कि राज्य की पुलिस को भनक तक नहीं लगती और यूपी पुलिस उत्तराखंड आकर गोली चलाती है और महिला को मार कर चली जाती है। इससे पहले सदन में प्रश्नकाल के दौरान लोक निर्माण विभाग तथा टूरिज्म और सिंचाई विभाग से जुड़े कई सवाल विपक्ष द्वारा पूछे गए जिस पर सत्तापक्ष असहज दिखा।

सरकार की तरफ से आज सदन में मंतातरण विधेयक सहित नौ संशोधन विधेयक पटल पर रखे गए जिन पर अभी चर्चा की जाएगी। धर्मांतरण कानून में सरकार द्वारा जो संशोधन विधेयक लाया गया है उसके बारे में आम तौर पर विपक्ष द्वारा इसका स्वागत किया जाना तय हैं हालांकि कुछ विधायकों का कहना है कि सिर्फ कानून को कड़ा बना देने से कुछ नहीं होगा। इसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाना भी जरूरी है। पूर्व नेता विपक्ष प्रीतम सिंह द्वारा आज सदन में वर्तमान विधायक व जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा करने और उद्घाटन पट्टिकाओं से पूर्व विधायकों का नाम हटाने पर भी आपत्ति जताई गई।

## मंत्री के भाई के घर डकैती में वांछित एक लाख का ईनामी गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। मंत्री के भाई के घर दिन दहाडे डकैती डालने वाले एक लाख के ईनामी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके अन्य साथी अभी पुलिस के हाथ नहीं लगे है। आज यहां इसकी जानकारी देते हुए एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने बताया कि 15 अक्टूबर की दोपहर डोईवाला निवासी व्यापारी मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के भाई के घर पर हथियारबंद बदमाशों ने धावा बोल दिया था। बदमाशों ने घर में मौजूद तीनों महिलाओं को बंधक बना दिया था तथा वहां से लाखों की नगदी व जेवरात लूटकर फरार हो गये थे। पुलिस ने बदमाशों की धरपकड के लिए जाल बिछाया था। पुलिस को पता चल गया था इस डकैती की योजना क्षेत्र मे रहने वाले मिस्त्री ने बनायी थी जिसको पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। गिरोह का सरगना मेहरबान उर्फ बावला पुलिस के हाथ नहीं लगा था जिस पर डीजीपी ने एक लाख रूपये के ईनाम की घोषणा की थी। आज पुलिस ने मेहरबान उर्फ बावला निवासी खालापार मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार कर लिया है।

## मोटरसाईकिल चोरी

देहरादून (संवाददाता)। चोरों ने घर से मोटरसाईकिल चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार संस्कृति लोक कालोनी निवासी मौहम्मद अजीम ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपनी मोटरसाईकिल घर में खडी की थी लेकिन आज जब वह सुबह उठा तो उसने देखा कि उसकी मोटरसाईकिल अपने स्थान से गायब थी।

# डोईवाला में हाथियों का आंतक, एक व्यक्ति को कुचल कर मार डाला

हमारे संवाददाता

देहरादून। डोईवाला के लच्छीवाला में आज सुबह एक शव मिलने से सनसनी फैल गयी। शव स्थानीय व्यक्ति का बताया जा रहा है जिसके हाथी द्वारा कुचले जाने की आशंका जताई जा रही है।



जानकारी के अनुसार डोईवाला के लच्छीवाला में रहने वाली एक स्थानीय महिला जब आज सुबह जंगल में लकड़ी लेने के लिए गई तो उसके द्वारा देखा गया कि किसी व्यक्ति का शव वहां पर पड़ा हुआ है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया। मृतक की पहचान स्थानीय व्यक्ति अशोक के रूप में की गयी थी जो तीन दिन से अपने घर से लापता था। मृतक का शव पूरी तरह से निर्वस्त्र था जिसके हाथी द्वारा कुचल कर मारे जाने की आशंका जताई जा रही है। बहरहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## दूल्हे ने की हर्ष फायरिंग, वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने गिफ्ट किया मुकदमा

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। अपनी शादी मे हर्ष फायर करना दूल्हे को भारी पड़ गया। वीडियों वायरल होने पर पुलिस ने गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लाईसेंसी रायफल जब्त कर ली है।

बता दें कि पिछले दिनों सोशल मीडिया में शादी समारोह में राइफल से हर्ष फायरिंग का वायरल हो रहे वीडियो का संज्ञान लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा ज्वालापुर कोतवाली पुलिस को मामले में जाँच कर कड़ी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। जिस पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने आरोपी दूल्हे हारुन खान पुत्र बाबर खान निवासी मोहल्ला कोटरावान के खिलाफ गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए लाइसेंस व रायफल जब्त कर ली गयी है। जिसके लायसेंस निरस्तीकरण की रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी जाएगी।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।
*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**
*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**
*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**
कानूनी सलाहकार:
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट
कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808
*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*